हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 3 नवंबर 2026

राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

04 राघौगढ़ में मुनि श्रमण सागर महाराज का दीक्षा दिवस श्रद्धा के साथ...



07 दो बाइक आपस में टकराईं दो युवकों की मौत, दो लोग हुए घायल, भर्ती



समाचार संक्षेप

दिव्यांश महाविद्यालय में लिया एकता का संकल्प



गुना। दिव्यांश महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता और सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने भाषण और निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश के जन्मदिन पर काव्य गोष्ठी संपन्न

गुना। चेतना साहित्य एवं कला परिषद, गुना द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर नयापुरा स्थित आशीर्वाद भवन में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने की। लोकेश शर्मा (संयोजक, भगतसिंह मंच) मुख्य अतिथि, रामवीर शर्मा विशेष अतिथि तथा प्रेम सिंह प्रेम सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गीतकार रवि शर्मा बंजारा ने किया। उन्होंने अपनी रचना के माध्यम से नगर की यातायात व्यवस्था पर कटाक्ष करते हुए कहा— नगर में चौराहे पर क्यों लगता जाम है, यातायात पुलिस का फिर क्या काम है।वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने मध्यप्रदेश की सुंदरता का वर्णन करते हुए कहा— गोरी-गोरी ज्वार सा है जिसका परिवेश, मां के आंचल सा लगे मुझको मध्यप्रदेश।शायर प्रेम सिंह प्रेम ने संघर्ष और जीवन पर मुक्तक प्रस्तुत किया। धर्मवीर सिंह ने राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी पर व्यंग्य किया। रामवीर शर्मा ने मध्यप्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता का बखान किया, वहीं उमाशंकर भार्गव ने भारत और मध्यप्रदेश की महिमा के साथ उज्जैन के महाकाल का गुणगान किया।

राघौगढ़ में 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

गुना। जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को दबोचा है। आरोपी बाइक के दोनों ओर प्लास्टिक की केनों में अवैध कच्ची शराब भरकर बेचने के लिए ला रहा था। पुलिस ने मौके से 60 लीटर अवैध शराब और प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नांदनेर गांव का एक व्यक्ति धीरपुर मैदान के रास्ते अवैध शराब लेकर राघौगढ़ आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने लालापुरा रोड पर भैरों बाबा मंदिर के पास घेराबंदी की। इस दौरान स्प्लेंडर बाइक एमपी 08-7002 पर आ रहे कैलाश अहिरवार निवासी नांदनेर को रोका गया। तलाशी के दौरान बाइक पर बंधी दो केनों कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी अवैध कच्ची शराब भरी मिली, जिसकी कीमत 60 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

नेत्रदान महादानः निधन के बाद दो लोगों की जिंदगी में रोशनी बन गईं स्व. बबीता सिंह जादौन

गुना। जिले में मानवता और समाज सेवा की एक प्रेरणादायी मिसाल सामने आई है। स्वर्गीय बबीता सिंह जादौन के निधन के बाद उनके परिजनों ने अपने गहरे दुःख को परोपकार में बदलते हुए उनके नेत्रदान करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। यह गुना शहर का 56वां नेत्रदान है, जिससे अब दो जरूरतमंद लोगों के जीवन में नई रोशनी लौटने का रास्ता साफ हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक नवंबर 2026 को तेजल सिंह जादोन की माता जी स्वर्गीय श्रीमती बबीता सिंह जादोन का निधन हो गया था। इस दुखद घड़ी में परिजनों ने अनुकरणीय पहल करते हुए श्री राहुल सिंह राजपूत के माध्यम से लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना के नेत्रदान संयोजक आलोक अग्रवाल से संपर्क किया और नेत्रदान की इच्छा जताई। लायंस नेत्र चिकित्सालय के सचिव ललित अग्रवाल की प्रेरणा से यह पुनीत कार्य सफलतापर्वक संपन्न हुआ।

क्रांतिवीर तात्याटोपे विवि में एबीवीपी का उग्र प्रदर्शन

आउटसोर्स भर्ती, परीक्षा में गड़बड़ी और वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर के क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा और नारेबाजी की। विवि में व्याप्त गंभीर वित्तीय भ्रष्टाचार, आउटसोर्स भर्ती घोटाले, परीक्षा तंत्र में भारी धांधली और कुलगुरु की कार्यप्रणाली के खिलाफ गुस्साए छात्र बड़ी संख्या में मुख्य गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। किसी भी अप्रिय स्थिति या हंगामे की आशंका को देखते हुए प्रशासन द्वारा मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बाद में प्रदर्शनकारी छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर राज्यपाल, उच्च शिक्षा विभाग और ईओडब्ल्यू/लोकायुक्त के नाम संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन विवि प्रशासन को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी के जिला संयोजक अंकित शर्मा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक शुचिता को ताक पर रख दिया गया है और सार्वजनिक धन का दुरुपयोग हो रहा है। संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बिंदुवार कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। एबीवीपी ने मुख्य रूप से आउटसोर्स भर्ती में भाई-भतीजावाद, चहेतों को अनुचित लाभ और फर्जी हाजिरी के जरिए वेतन गबन करने का मुद्दा उठाया। आरोप है कि बिना पारदर्शी ई-निविदा के पुरानी एजेंसी को हटाकर नई एजेंसी लाई गई और कुलगुरु के चहेतों की अवैध भर्तियां कर दी गईं, जबकि कई कर्मी घर बैठे वेतन उठा रहे हैं। इसके अलावा, मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए प्रशासनिक अधिकारियों को बिना कार्यभार ग्रहण कराए वापस लौटाने का मामला भी प्रमुखता से उठाया गया, ताकि वित्तीय फैसलों पर शासकीय नियंत्रण न रहे। छात्र संगठन ने परीक्षा तंत्र की शुचिता तार-तार होने का आरोप लगाते हुए कहा कि बेहद गोपनीय परीक्षा कार्य निजी आउटसोर्स कर्मियों और बाहरी लोगों को सौंप दिया गया, जिसके कारण प्रश्नपत्रों में भारी गड़बड़ियां हुईं और उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में पक्षपात के चलते जून माह की परीक्षाएं तक निरस्त करनी पड़ीं। इससे हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संकट में पड़ गया। ज्ञापन में यूजीसी विनियम 2018 और आरक्षण रोस्टर की अनदेखी कर अतिथि विद्वानों की अवैध भर्ती करने, वाहनों व ईंधन के नाम पर फर्जी लॉगबुक तैयार कर लाखों रुपये के डीजल का गबन करने तथा संदिग्ध अधिकारियों को संरक्षण देने के गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। साथ ही, कार्यपरिषद द्वारा छात्रहित में स्वीकृत पुस्तकालय, आरएफआईडी प्रणाली, कंप्यूटर, लैब उपकरण और नई बसों की खरीद प्रक्रिया को दुर्भावनापूर्वक रोके जाने का मुद्दा भी उठाया गया। एबीवीपी ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनसएस) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों का हवाला देते हुए मांग की है कि पूरे प्रकरण में ईओडब्ल्यू या लोकायुक्त के माध्यम से विधिवत प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर मूल अभिलेखों को सील किया जाए। साथ ही, निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए कुलगुरु प्रो. डॉ. किशन यादव को तत्काल प्रशासनिक व वित्तीय शक्तियों से वंचित कर निलंबित किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सात कार्यदिवस के भीतर ठोस और पारदर्शी कार्रवाई नहीं की गई, तो जन-आंदोलन करने के लिए बाध्य होगें।

युवक को अगवा कर हाईवे पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

गुना। जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पैसों के लेनदेन को लेकर एक युवक के साथ चलती कार में मारपीट और सनसनीखेज तरीके से पिस्टल अड़ाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक को लाल रंग की ब्रेजा कार में बैठाकर हाईवे पर वाहन दौड़ाते हुए लात-घूंसों से पीटा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सगे मामा सहित दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोहित सोनी निवासी टीटी मार्ग ब्यावरा, राजगढ़ अपने पिता मुकेश सोनी और दोस्त ऋषि शिवहरे के साथ विजयपुर थाने पहुंचा था। उसने लिखित आवेदन देकर बताया कि रविवार को उसके सगे मामा अमित सोनी और उसके साथी सोनू गुर्जर ने पैसों के लेनदेन की बात करने के बहाने उसे बुलाया था। टैंकर्स एरिया के पास आरोपियों ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे लाल रंग की ब्रेजा कार में बैठाकर हाईवे पर गाड़ी दौड़ाते रहे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

बिना लाइसेंस किया जा रहा था पटाखों का भंडारण

कार्रवाईः मकान से 2 लाख की अवैध आतिशबाजी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी हेमंत पाण्डेय के पर्यवेक्षण में म्याना थाना पुलिस ने ग्राम ऊमरी में कार्रवाई करते हुए एक मकान से करीब 2 लाख रुपये कीमत की अवैध आतिशबाजी बरामद कर जब्त की है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 1 नवंबर 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम ऊमरी निवासी एक व्यक्ति ने दीपावली पर बिक्री के लिए अपने मकान में बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण कर रखा है। सूचना पर ऊमरी चौकी पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। मकान की तलाशी के दौरान आंगन में बने कमरे से पटाखों से भरे चार कार्टून बरामद हुए। पुलिस ने मौके से आरोपी जहीर खान पुत्र रहीस खान निवासी ग्राम ऊमरी को पकड़ा। जब्त सामग्री में रॉकेट, अनार, चकरी, फुलझड़ी, सुतली बम, बुलेट बम एवं कलर कोटी सहित विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी शामिल है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई गई है। जांच में आरोपी के पास आतिशबाजी के भंडारण एवं बिक्री का वैध लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 270/26 के तहत धारा 9(ख)(1)(ख) विस्फोटक अधिनियम में मामला दर्ज कर आतिशबाजी जब्त की तथा वैधानिक कार्रवाई की है।

बड़े भाई ने छोटे भाई और भाभी पर डंडे से किया हमला

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पनवाड़ी हाट चौकी क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के बीच खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। रास्ते में लकड़ियां गाडकर रास्ता सकरा करने का विरोध करने पर बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई और बीच-बचाव करने आई भाभी पर डंडे और मुक्कों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी भाई के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, समरथ सिंह नायक निवासी ग्राम ताहरपुर, आरोन ने पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके भाई हरनाम नायक ने घर के सामने रास्ते में लकड़ियां गाडकर रास्ता सकरा कर दिया था। जब समरथ ने इसका विरोध किया, तो आरोपी भाई ने गालियां देते हुए डंडे से हमला कर दिया। हमले में समरथ के माथे पर गंभीर चोट आई और खून बह निकला, जबकि पीठ और कंधे पर भी अंदरूनी चोटें आईं।

नानाखेड़ी मंडी में उमड़ी मक्का की बंपर आवक

बीज निगम की जमीन पर कीचड़ में फंसे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों ने बढ़ाई किसानों की मुसीबतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर की नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में इन दिनों मक्का की बंपर आवक देखने को मिल रही है, लेकिन जमीनी हकीकत जाने बिना प्रशासन द्वारा बनाई गई नई व्यवस्थाओं ने अन्नदाताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले दिनों अवकाश के चलते रविवार को मंडी में नीलामी नहीं हो पाई थी, जिसके कारण सोमवार सुबह से ही भारी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में मक्का भरकर मंडी पहुंचने लगे। हालात यह हो गए कि नानाखेड़ी मंडी परिसर पूरी तरह भर गया, जिसके चलते अतिरिक्त वाहनों को बीज निगम के खाली मैदान और गोपालपुरा मैदान में खड़ा करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा दशहरा मैदान को आतिशबाजी बाजार के लिए खाली कराने के उद्देश्य से गोपालपुरा मैदान की जगह किसानों को बीज निगम की जमीन पर वाहन लगाने को कहा गया। लेकिन इस जमीन में भारी नमी और कीचड़ होने के कारण मक्का से भरे कई भारी-भरकम ट्रैक्टर-ट्रॉलियां धंस गए। इससे किसानों को अपनी फसल की नीलामी से पहले ही वाहन निकालने के लिए कड़ी मशक्कत और जबरन परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस अव्यवस्था को लेकर किसानों में नाराजगी भी देखने को मिली, जिसके बाद कई चालकों ने अपने ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सीधे गोपालपुरा मैदान में ही खड़े कर दिए। इन शुरुआती परेशानियों के बीच राहत भरी बात यह रही कि मंडी में मक्का के दाम काफी शानदार मिल रहे हैं। बाजार में मक्का की क्वालिटी के आधार पर 2500 से 2700 रुपए प्रति क्विंटल तक के भाव मिलने से किसानों के चेहरों पर रौनक साफ नजर आई। बंपर आवक और अच्छे दामों के चलते जिलेभर की मंडियों में सुबह से ही जबरदस्त चहल-पहल बनी हुई है।

इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहे दंपती का लेडीज पर्स चोरी

गुना। ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों की सुरक्षा पर एक बार फिर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। ग्वालियर-रतलाम इंटरसिटी एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक बुजुर्ग दंपती का भूरे रंग का लेडीज पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। पर्स में महंगे मोबाइल फोन के साथ चांदी के जेवर और नकदी रखी थी।

जानकारी के अनुसार, कैलाश नारायण शुक्ल निवासी मोती बंगला देवास अपनी पत्नी मंजू शुक्ला के साथ ग्वालियर-रतलाम इंटरसिटी एक्सप्रेस में ग्वालियर से देवास की यात्रा कर रहे थे। सफर के दौरान उनकी पत्नी ने अपना भूरे रंग का लेडीज पर्स सीट पर पास में ही रखा था और ग्वालियर से ट्रेन चलने के बाद सो गई थीं। जब ट्रेन गुना रेलवे स्टेशन से निकली और दंपती की नींद खुली, तो उन्होंने सीट पर पर्स गायब पाया। पीड़ित ने तत्काल इसकी सूचना रेलवे के हेल्पलाइन नंबर 139 पर दी, जिसके बाद रूठियाई रेलवे स्टेशन पर पुलिस स्टाफ ने उन्हें अटेंड भी किया था। चोरी गए पर्स में एमआई कंपनी का मोबाइल, एक जोड़ी पुरानी चांदी की पायजेब, दो जोड़ी बिछिए और 7000 रुपये नकद रखे कुल माल चोरी हुआ है।

70वीं शालेय संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शानदार आगाज

गुना। युवा प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करने और खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुना जिले में 70वीं शालेय संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ है। स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नोडल खेल केंद्र पर आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं हिस्सा ले रहे हैं। इस खेल महाकुंभ में ग्वालियर संभाग के अंतर्गत आने वाले छह जिलों—ग्वालियर, मुरैना, भिंड, शिवपुरी, अशोकनगर और मेजबान गुना के कुल 120 प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी खेल कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। खिलाड़ियों के साथ 20 सदस्यीय ऑफिशियल स्टाफ भी इस आयोजन का अहम हिस्सा बना है। प्रतियोगिता का यह भव्य आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौर के कुशल निर्देशन और बास्केटबॉल संघ के सचिव अतुल लुम्बा के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। उद्घाटन अवसर पर एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य एचएन जाटव और जिला क्रीड़ा अधिकारी ओपी शर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

ऑफिसर्स क्लब में भव्यता के साथ संपन्न हुआ बैडमिंटन टूर्नामेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित गुना जिले के सबसे बड़े बैडमिंटन टूर्नामेंट 'गुना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट' का भव्य एवं सफल आयोजन ऑफिसर्स क्लब, गुना में संपन्न हुआ।

इस प्रतियोगिता में जिले के सैकड़ों युवाओं एवं बैडमिंटन खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में विनोद अग्रवाल , नितिन अग्रवाल , महेश कुमार जैन , निशांत जैन , हिमांशु कुलश्रेष्ठ , आलोक सोलंकी, गौरव चौरसिया एवं प्रांजल निर्भय का पुष्पमालाओं एवं आत्मीय स्वागत के साथ अभिनंदन किया गया।पूरे टूर्नामेंट का सफल संचालन गुना जिले के जाने-माने बैडमिंटन कोच रवि चौरड़िया जी के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह, खेल भावना एवं प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

गुंजारी पहुंची दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन यात्रा, भाजपा सरकार पर साधा निशाना

राहुल गांधी को बताया INDIA गठबंधन का निर्विवाद नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन यात्रा अपने 14वें दिन गुना जिले के ग्राम गुंजारी में प्रवेश कर चुकी है। गांव में पहुंचने पर यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा के दौरान दिग्विजय सिंह ने केंद्र की भाजपा सरकार और राज्य सरकार की नीतियों व कार्यशैली पर तीखे हमले किए। दिग्विजय सिंह ने गठबंधन के नेतृत्व को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि राहुल गांधी इंडिया गठबंधन के निर्विवाद नेता हैं और सभी दल उनके नेतृत्व में एकजुट होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके और राहुल गांधी के मुद्दे पूरी तरह एक समान हैं। अंतर केवल इतना है कि राहुल गांधी इन मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठा रहे हैं, जबकि वे स्वयं इन्हें जमीनी व स्थानीय स्तर पर जनता के बीच ले जा रहे हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि उनका और कांग्रेस वर्किंग कमेटी का एजेंडा बिल्कुल एक ही है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यात्रा का एक ही संदेश है हमारा, सनातन सर्वधर्म सम्भाव। सभी धर्मों का सम्मान करना, पूरे विश्व का कल्याण करना यही सनातन धर्म है। नफरत फैलाना हिन्दूत्व, जो आरएसएस, विहिप परिषद सावकर को अपना नेता मानकर करते हैं।

राम मंदिर ट्रस्ट, संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग पर घेरा

1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित रैली का उल्लेख करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं पर भाजपा ने पूरी तरह कब्जा कर लिया है और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं से पक्षपात करवाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट में ऐसे लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जहां हजारों करोड़ रुपये का घपला हुआ है। जब कांग्रेस इस भ्रष्टाचार और अनियमतताओं के खिलाफ जमीन पर उतरकर लड़ाई लड़ रही है, तो भाजपा पूरी तरह विचलित हो गई है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भाजपा को किसी भी कीमत पर मंदिर और मठों में डकैती नहीं डालने दी जाएगी। देवास जिले के खातेगांव में अवैध शराब का कारोबार रोकने गए टीआई पर माफिया द्वारा गाड़ी चढ़ाकर की गई हत्या की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए दिग्विजय सिंह ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का परिवार शराब के व्यवसाय में लिप्त है और सागर के बंडा तथा देवास जैसे क्षेत्रों में अवैध व जहरीली शराब के कारण लोगों की जान जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कोई कर्तव्यनिष्ठ टीआई सड़क पर उतरता है और उस पर गाड़ी चढ़ा दी जाती है, तो ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं होती?

समाचार संक्षेप

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि सरदार पटेल की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई



आरोन। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन द्वारा शनिवार को इंदिरा पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सत्य सनातन यात्रा के स्वागत को लेकर विशेष बैठक भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। उन्होंने कांग्रेसजनों से सत्य सनातन यात्रा का भव्य स्वागत करने की अपील की। पूर्व कांग्रेस नेता अरविंद श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल एवं नगर अध्यक्ष शक्ति शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक में यात्रा के रूट मैप, व्यवस्थाओं और स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं से सुझाव लिए गए। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण प्रभारी शिवकुमार उपरिंग ने किया तथा आभार ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी रविंद्र रघुवंशी ने व्यक्त किया।

लौह पुरुष को श्रद्धा सुमन अर्पित कर प्रतियोगिताओं का आयोजन



आरोन। नगर स्थित राजा बलभद्र सिंह स्टेडियम में सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरजीत सिंह धाकड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष आरोन अध्यक्षता अरविंद रघुवंशी प्राचार्य उत्कृष्ट स्कूल आरोन,विशेष अतिथि जगवीर सिंह परमार संचालक रतन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल आरोन रहे,संचालन शिवराज सिंह भदौरिया समन्वयक खेल व युवा कल्याण विभाग ने किया ।लौह पुरुष की जीवनी पर अतिथियों ने प्रकाश डाला, देश की अखंडता ब एकता के लिए जीवन दान किया।

स्मार्ट मीटर लगाने में जबरदस्ती की शिकायतें विधायक को दी जानकारी

आरोन। नगर में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर विरोध के स्वर तेज होने लगे हैं। पिछले एक सप्ताह से विभिन्न वार्डों से पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जाने में कथित जबरदस्ती की शिकायतें सामने आ रही हैं। समाजसेवी बंटी राजपूत ने बताया कि इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह को भी जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि नागरिकों द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है, जिसके तहत मोहल्लों में पर्चे वितरित कर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और मीटर बदलने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

विद्यासागर सभागार में गुरु उपकार दिवस पर हुए धार्मिक आयोजन

राघौगढ़ में मुनि श्रमण सागर महाराज का दीक्षा दिवस श्रद्धा के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, प्रवचन वाचस्पति एवं बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज का 13वां दीक्षा दिवस सोमवार को विद्यासागर सभागार में गुरु उपकार दिवस के रूप में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 5:30 बजे सामूहिक आरती एवं भक्ति से हुआ। इसके बाद प्रातः 8:30 बजे आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज की आरती की गई। मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज का पाद प्रक्षालन एवं जिनवाणी भेंट करने का सौभाग्य मनोज कुमार, जितेंद्र कुमार, मुनिश्री के गृहस्थ जीवन के पिता रविंद्र कुमार जैन एवं जैन समाज अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य को प्राप्त हुआ। मुनि ओंकार सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन में कहा कि आज से 12 वर्ष पूर्व कार्तिक कृष्ण अष्टमी को आचार्य विद्यासागर जी महाराज के करकमलों से मुनि श्रमण सागर जी की दीक्षा हुई थी। उन्होंने कहा कि दीक्षा दिवस वर्ष में एक बार आता है, लेकिन मुनि श्रमण सागर जी प्रतिपल आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सूर्य प्रकाश तो देता है, लेकिन घर के दरवाजे बंद हों तो प्रकाश भीतर नहीं आ सकता। इसलिए हमें अपने मन के दरवाजे खोलकर मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ना चाहिए। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने गुरु उपकार दिवस पर अपने प्रवचन में कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का उन पर महान उपकार है। उन्हीं की कृपा से उन्हें मुनि दीक्षा प्राप्त हुई और लगातार आठ वर्षों तक उनके सानिध्य एवं मार्गदर्शन में धर्म साधना करने का अवसर मिला। उन्होंने दीक्षा से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए बताया कि दीक्षा से पूर्व ही उनके मन में मुनि श्रमण सागर नाम रखने का भाव था और संयोग से आचार्यश्री ने यही नाम प्रदान किया। इस अवसर पर जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के मार्गदर्शक एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक ने कहा कि राघौगढ़वासियों का सौभाग्य है कि आचार्य समय सागर जी महाराज की अनुकंपा से दो मुनिराजों का चातुर्मास कराने का अवसर मिला। उन्होंने मुनिश्री से समाज में धर्म एवं संस्कारों की अलख जगाते रहने का अनुरोध किया।

प्रमुख मार्गों पर वन-वे लागू 5-11 नवंबर तक रहेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने तीन प्रमुख मार्गों पर वन-वे व्यवस्था लागू की है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी किशोर कुमार कन्याल ने इस संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह व्यवस्था 5 नवंबर से 11 नवंबर 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक प्रभावी रहेगी। आदेश के अनुसार ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा एवं चार पहिया वाहनों के आवागमन के लिए निम्न मार्ग निर्धारित किए गए हैं। **शगुन चौराहा से निचला बाजार तिराहा:** वाहनों को निचला बाजार तिराहा से शगुन चौराहा की ओर जाने की अनुमति रहेगी। विपरीत दिशा में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

ममता डेयरी चौराहा से लाहोटी तिराहा: वाहनों को ममता डेयरी चौराहा से लाहोटी चौराहा की ओर जाने की अनुमति होगी। विपरीत दिशा से प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

जयस्तंभ चौराहा से भुल्लनपुरा चौराहा: वाहनों को जयस्तंभ चौराहा से भुल्लनपुरा तिराहा की ओर जाने की अनुमति रहेगी। विपरीत दिशा में आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में संबंधित मार्गों पर स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाने और यातायात पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, यह प्रतिबंध एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं पुलिस वाहनों जैसी आपातकालीन सेवाओं पर लागू नहीं होगा। जिला प्रशासन ने आमजन से निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

श्री हनुमान रामलीला में लंका दहन का शानदार मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज़

नगर की कृषि मंडी प्रांगण में आयोजित श्री हनुमान रामलीला में शनिवार रात्रि लंका दहन की लीला का शानदार मंचन किया गया। कलाकारों ने अपनी सजीव प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला में दिखाया गया कि माता सीता की खोज के लिए भगवान श्रीराम के आदेश पर सुग्रीव वानर सेना को चारों दिशाओं में भेजते हैं। दक्षिण दिशा में हनुमान, अंगद और जामवंत की टोली समुद्र तट पर पहुंचती है। जामवंत द्वारा हनुमानजी को उनकी शक्तियों का स्मरण कराने पर वे जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए समुद्र पार कर लंका पहुंच जाते हैं।

लंका में हनुमानजी की भेंट रामभक्त विभीषण से होती है, जिनसे उन्हें अशोक वाटिका में माता सीता के होने की जानकारी मिलती है। हनुमानजी माता सीता को भगवान श्रीराम की मुद्रिका देकर अपना परिचय देते हैं। इसके बाद भूख लगने पर वे माता की आज्ञा से वाटिका के फल खाते हैं और अशोक वाटिका को तहस-नहस कर देते हैं।

जाम से निपटने नगर परिषद ने संभाली यातायात व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

दीपावली के त्योहार को देखते हुए कृषि मंडी में फसल बेचने आने वाले किसानों और बाजार में बढ़ती वाहनों की आवाजाही के कारण लगने वाले जाम से निपटने के लिए नगर परिषद ने विशेष व्यवस्था की है। इसके तहत यातायात सुचारु बनाए रखने की जिम्मेदारी नगर परिषद के कर्मचारियों को सौंपी गई है। सीएमओ लीलाधर सेन ने बताया कि आए दिन बाजार में जाम की स्थिति बनने से आमजन को परेशानी होती है। इसे देखते हुए कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना किसी विवाद के शांतिपूर्ण तरीके से यातायात व्यवस्था संभालें और जाम की स्थिति नियंत्रित करें। नगर परिषद ने दुकानदारों से भी अपील की है कि वे अपना सामान नाली के अंदर ही रखें तथा सड़क पर अतिक्रमण न करें, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी न हो। गौरतलब है कि इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान अपने वाहनों से कृषि मंडी में फसल बेचने आते हैं।

सफाई कर्मचारियों ने सौंपा 14 सूत्रीय मांग पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र बिलरबान एवं तहसील अध्यक्ष नीरज मालवीय के नेतृत्व में नगर परिषद अध्यक्ष शारदादेवी साहू और मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) लीलाधर सेन को 14 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र सौंपने के दौरान कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया और उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। इस पर सीएमओ लीलाधर सेन ने बताया कि 14 सूत्रीय मांगों में से 7 मांगें नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र में आती हैं, जिन्हें तत्काल स्वीकार कर मौके पर ही मान लिया गया है। वहीं शेष 7 मांगों को पूरा कराने के लिए शासन को पत्र भेजा जा रहा है, जिनकी स्वीकृति भोपाल स्तर से प्राप्त होगी। सीएमओ ने सफाई कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी अन्य छोटी-बड़ी समस्याओं का भी नगर परिषद स्तर पर प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।

लगातार बिजली कटौती से परेशान किसान विद्युत विभाग के संभागीय कार्यालय पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

इन दिनों किसानों को रबी की फसलों की बोवनी करने के लिए पर्याप्त समय बिजली की आवश्यकता है, किन्तु किसानों को बिजली उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे परेशान किसान विद्युत विभाग के संभागीय कार्यालय पहुंचे और विरोध जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने मांग की कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध कराई जाए।

किसानों की मानें तो उनका कहना है कि उन्हें इन दिनों 2 से 3 घंटे बिजली उपलब्ध हो रही है जबकि उन्हें 10 घटें बिजली की जरूरत है। उसमें भी कब बिजली चली जाई कोई पता नहीं है, जिसके कारण किसान फसलों को पानी नहीं दे पा रहे हैं, अगर किसान समय पर पानी नहीं दे पाए तो कैसे उनकी फसलें तैयार होगीं, यह चिंता किसानों को सता रही है, आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीण विद्युत विभाग के संभागीय कार्यालय पहुंचे और कार्यापलन यंत्री तौमर के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान नांदनखेडी, सहोदरी, लखेरी, पलकाटोरी आदि क्षेत्रों के किसान शामिल थे। इस दौरान मौजूदा अधिकारी द्वारा बिजली आपूर्ति कराने वाले कर्मचारियों को बुलाया और किसानों की समस्या के बारे में पूछा कि आखिर क्या कारण है कि बिजली की कटौती इतनी अधिक हो रही है। इस दौरान कर्मचारियों का कहना था कि लोड बढ जाने के कारण ऐसा हो रहा है, अभी तक टयूबवैल चालू नहीं थे, बंद होने के कारण समस्या नहीं आ रही थी, लेकिन अब कई टयूबवैल चालू हो गए हैं, जिसके कारण लोड बढ़ गया है, और बिजली की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस दौरान किसानों का तर्क था कि अभी धान की फसल की कटाई होने के बाद सिंचाई के लिए भी टयूबवैल शुरू हो जाएगें ऐसे में फिर बिजली का लोड बढ़ेगा तब और समस्या आएगी, इस समस्या के निराकरण के लिए विभाग द्वारा क्या प्रयास किए जाएगें। इसका अधिकारियों के पास कोई उत्तर नहीं था, वस अधिकारी हमेशा की तरह आश्वासन देते नजर आए। उन्होंने कहा कि कुछ ही घण्टों में सुधार हो जाएगा, इस दौरान किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो मजबूरी में किसानों को विरोध प्रदर्शन कर विधुत विभाग कार्यालय का घेराव करना पडेगा।



दीपावली से पहले सफाई व्यवस्था को लेकर नपा अध्यक्ष ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दीपावली पर्व को देखते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने सफाई मेट, दरोगा एवं हेल्थ ऑफिसर की बैठक ली। बैठक में अध्यक्ष मानोरिया ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व नजदीक है, ऐसे में पूरे नगर में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शहर के प्रत्येक वार्ड, मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित सफाई हो तथा कहीं भी कचरा जमा न रहने पाए। उन्होंने कर्मचारियों से उनकी आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। झाड़ू, हाथ ठेला सहित सफाई कार्य के लिए जिन संसाधनों की आवश्यकता है, उनकी जानकारी दें, उन्हें शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा। लेकिन सफाई व्यवस्था के मामले में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष मनोरिया ने शहर के सभी नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों का कचरा एकत्रित करके रखें तथा कचरा गाड़ी आने पर कचरा उसी में डालें। सड़क, नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंकें। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना केवल नगर पालिका की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया

अशोकनगर। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार को द्रोपदी हायर सेकेंडरी स्कूल, शाढौरा में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक नागराज, विद्यालय प्रबंधक बृजकिशोर शर्मा तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ रफीक खान की उपस्थिति में विद्यार्थियों को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों एवं बाल संरक्षण संबंधी विषयों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न अथवा अनुचित व्यवहार की स्थिति में चुप न रहें, बल्कि अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दें। साथ ही इंटरनेट एवं सोशल मीडिया का उपयोग सावधानीपूर्वक करने तथा किसी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करने के प्रति जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है।

बाजार और भीड़ वाले इलाकों में भारी वाहन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

वर्तमान समय में बडे/भारी माल वाहनों का अधिक संख्या में बाजार क्षेत्रों, मेला क्षेत्रों और भीड वाले इलाकों से निकलने के कारण आमजन के आवागमन में असुविधा के साथ-साथ दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है। जिले में आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट साकेत मालवीय के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर डी.एन सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से बाजार क्षेत्रों, मेला क्षेत्रों और भीड वाले इलाकों में प्रातः 06 बजे से रात्रि 11 बजे तक बडे/भारी माल वाहनों का प्रवेश प्रतिबंध किया गया है। लोकहित, यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुव्यस्थित बनाये रखने एवं सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जनसुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुये उक्त प्रतिबंध आवश्यक है। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 116 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये आदेश जारी किया गया है। अशोकनगर जिले के अंतर्गत समस्त तहसीलों की सीमाओं में बाजार क्षेत्रों, मेला क्षेत्रों और भीड वाले इलाकों में प्रातः 06 बजे से रात्रि 11 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उक्त अवधि में बाजार क्षेत्रों, मेला क्षेत्रों और भीड वाले इलाकों में व्यापारियों, वाहन चालकों एवं संबंधित व्यक्तियों द्वारा सडक, सार्वजनिक माल की लोडिंग अथवा अनलोडिंग नहीं की जाऐगी। स्कूल बसें, निर्धारित मार्ग पर परमिट शुदा बसों, विद्यालय/ महाविद्यालय हेतु पुस्तक/कागज परिवहन वाहन, पेट्रोल, डीजल, केरोसिन, एल.पी.जी. गैस एवं दूध आपूर्ति करने वाले वाहन जो शहर में लोडिंग/अनलोडिंग हेतु आते है, उन्हें प्रतिबंध से छूट रहेगी। शासकीय कार्यों जैसे निर्वाचन, अस्पताल सेवाएं आदि में संलग्न भारी वाहन, जिन्हे सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त हो, उन्हें प्रतिबंध से छूट रहेगी। आदेश के पालन के संबंध में पुलिस विभाग, नगर पालिका, जनपद पंचायत एवं संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि उपर्युक्त प्रतिबंधित समय अवधि में निर्धारित बाजार क्षेत्रों, मेला क्षेत्रों और भीड वाले इलाकों में भारी वाहनों का प्रवेश तथा माल की लोडिंग- अनलोडिंग न हो। यातायात को सुगम बनाने के लिये क्षेत्रानुसार रूट डायवर्ट एवं वैरिकेटिंग आदि की व्यवस्था, प्रमुख प्रवेश मार्गों तथा प्रतिबंधित क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार सूचना/प्रतिबंध संबंधी संकेतक प्रदर्शित किये जाये। आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध प्रचलित नियमों के तहत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाए।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग सुधारने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग विशेष ध्यान देकर ग्रेडिंग में सुधार लाएं। उन्होंने लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत लंबित आवेदनों तथा 100 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए संयुक्त दल द्वारा बाजारों का नियमित निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की सघन जांच की जाए। दीपावली त्यौहार पर चिन्हित पटाखा दुकान स्थलों पर ही पटाखों का विक्रय हो यह सुनिश्चित किया जाए। कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टि से फायर बिग्रेड की व्यवस्था रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु एडवाईजरी जारी की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर दिवस पर अधिकारियों द्वारा संबंधित संस्था का निरीक्षण कर निर्धारित प्रारूप में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। यह प्रतिवेदन शासन की गाईडलाईन अनुसार बिन्दुवार हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने हाट,बाजारों में बाहरी वाहनों को प्रतिबंधित किये जाने तथा बाजार के प्रारंभ एवं अंतिम छोर पर बेरिकेटस लगवाये जाने के निर्देश दिए। साथ ही भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण के लिए प्रबंधन की व्यवस्था हो। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत खाद्य पदार्थो में मिलावटखोरी रोकने के लिए हर संभव प्रयास किये जाए। बैठक में केन्द्रीय मंत्री की जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए विभागों को लंबित आवेदनों का निराकरण किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में पराली न जलाने की घटनाओं को रोकने,उचित मूल्य दुकानों में माहवार खाद्यान्न वितरण हेतु सतर्कता समिति की रिपोर्ट लिये जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी लेकर आावश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर विकास कुमार आनंद,डिप्टी कलेक्टर भुवनेश चौहान,एसडीएम इसरार खान सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

संगीतमय भागवत कथा के भव्य आयोजन में जेल बना वृंदावन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला जेल अधीक्षक ललित दीक्षित एवं उनके स्टाफ के धार्मिक मनोरथ सफल हुए जेल में निरुद्ध बंदियों को विगत 7 दिनों तक पण्डित जुगल किशोर शास्त्री द्वारा कथा मंडप में बंदियों को व्यास पीठ से कथा के कल्याण कारी प्रसंग सुनाए बंदियों में धार्मिक रुचि के अनुसार भागवत कथा से गहरा लगाव रहा। विगत रोज जेल में चल रही कथा का समापन हुआ कन्या भोज के साथ भंडारे में बंदियों सहित अन्य श्रद्धालुओं ने परसाद ग्रहण कर धर्म लाभ लिया है। श्रीमद भागवत कथा के आयोजन की सफलता पर जेल अधीक्षक ललित दीक्षित ने आभार व्यक्त किया। पण्डित जुगल किशोर की कथा सुन कर जेल में निरुद्ध बंदियों ने सकारात्मक जीवन जीने के संकल्प लेकर समाज में एक जिम्मेदार नागरिक बनने तथा किसी भी तरह अपराधों से दूरी बना लेने के संकल्प दोहराए हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गुना (म.प्र.)

Ph. No. 251122, 252622 (का.), 259957 (अध्यक्ष नि.), 254555 (सी.एम.ओ.नि.)

क्रमांक 2663/2026 गुना दिनांक: 28/10/2026

दावा आपत्ति प्राप्त हेतु आवश्यक सूचना

एतद द्वारा समस्त नागरिकों को सुचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र गुना वार्ड क्रमांक 01 से 37 तक में प्रधानमत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 बी.एल.सी. घटक अंतर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों का म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं विभाग भोपाल के द्वारा जारी दिशानिर्देश अनुसार दस्तावेजों को मौके पर सत्यापन एवं भौतिक परीक्षण किये जाने के उपरांत पात्र 280 हितग्राहियों कि सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति दिनांक 11 नबम्बर 2026 बुधवार समय शाम 5:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। अतः आपत्तिकर्ता प्रमाणित साक्ष्य, दस्तावेज सहित दावे आपत्ति लिखित में निकाय में प्रस्तुत कर सकते हैं, निर्धारित समयावधि उपरांत किसी प्रकार की दावे आपत्ति मान्य नहीं होगी । दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहियों की सूची कार्यालय नगर पालिका परिषद गुना के सूचना पटल पर चस्पा कि गई है जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
(नगर पालिका परिषद् गुना (म.प्र.)

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढौरा निवासी अभिषेक रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नारायण अहिरवार ने ग्राम सेमरी लोहावाद स्कूल के पास उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंवरपुर निवासी राजकुमार कोली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बादाम सिंह, नारायण, मनोज और अमरसिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्यामगढ़ निवासी आरिफ खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महबिस खान ने बच्चों की मारपीट मना करने से उससे पत्थर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सोनाखेड़ी निवासी मोनू राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रूद्रप्रताप सिंह राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमुरिया निवासी श्रीपटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीरा, राजकुमार, अभिषेक अहिरवार व एक अन्य ने उससे उसकी डंडो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत 20 अक्टूबर को मनीषा स्कूल के पास बुद्ध बिहार कॉलोनी में सोनू बोद्ध की वाहन की टक्कर से मौत हो गई थी, जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। उक्त मर्ग की जांच उप निरीक्षण कमल सिंह पटेरिया द्वारा किए जाने के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज किया है।

5 बीघा फूलों की खेती से कृषकों को हुई 5 लाख की आय

अशोकनगर। जिला अशोकनगर



में विकासखंड ईसागढ़ के ग्राम कोहरवास के कृषक सीताराम कुशवाह जो पूर्व में गेहूं, चना, मसूर की पारंपरिक खेती कर रहे थे। उनका संपर्क उद्यानिकी विभाग के बी.सी जाटव प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी ईसागढ़ से हुआ। जाटव द्वारा उन्हें उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की संपूर्ण जानकारी दी गई। प्राप्त जानकारी अनुसार कृषक के द्वारा फूलो की खेती का चयन किया गया। जिसके तहत पुष्प क्षेत्र विस्तार योजना अंतर्गत गेंदा हाइब्रिड बीज विभाग से प्राप्त कर अपनी 5 बीघा भूमि में गेंदे के फूलों की खेती की। जिससे कृषक को 5 गुना अधिक लाभ प्राप्त हुआ। पारंपरिक खेती से कृषक को 1 लाख रुपए की आय हो रही थी। उद्यानिकी विभाग द्वारा योजना का लाभ प्राप्त कर फूलों की खेती करने पर उत्पादित फूलों का विक्रय अशोकनगर गुना एवं भोपाल तक किया जा रहा है। जिससे कृषक को लगभग 5 लाख रुपए की वार्षिक आय हो रही हैं। जिससे कृषक के परिवार का पालन पोषण अच्छी तरह से हो रहा है। 02 नबंवर फोटो न.08 सीताराम कुशवाह ने 5 बीघा में फूलों की खेती कर शासन की योजना का लाभ उठाया।

वन विभाग की सतर्कता से अवैध वनोपज परिवहन पर कार्रवाई

अशोकनगर। वनमण्डल अशोकनगर के अन्तर्गत वनक्षेत्र पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाकर रात्रि में वनक्षेत्रों की सघन वनगश्ती की जा रही है। अक्टूबर 2026 में वन परिक्षेत्र अशोकनगर में 04, चन्देरी में 02 तथा मुंगावली वन परिक्षेत्र में 01 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इस कार्यवाही में वन अपराध में संलिप्त कुल 05 ट्रेक्टर ट्राली एवं 01 ट्रक लकड़ी एवं फर्शी पत्थर/मुंरम से भरे हुए जप्त किये जाकर नियमानुसार कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान लगभग 15 घन मी. लकड़ी और लगभग 12 घन मी. फर्शी पत्थर जब्त किया गया।

शहर में लगातार दुर्घटनाओं के मामले आ रहे सामने, जिम्मेदार बेखबर

दो बाइक आपस में टकराईं दो युवकों की मौत, दो लोग हुए घायल, भर्ती

अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, एक युवक की दर्दनाक मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में सड़क दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं, पिछले दो दिनों में दो सड़क दुर्घटनाओं के दो बड़े मामले सामने आए हैं, सोमवार को गदूली गांव के समीप दो बाइक आपस में टकरा गईं, इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें मुंगावली अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया है। एक दिन पहले चंदेरी में टोड़ा के समीप हुई घटना में भी एक बाइक चालक की मौत हो गई थी जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था।

बाईक आपस में भिड़ी

नेशनल हाइवे 346 पर अशोकनगर मुंगावली मार्ग पर ग्राम गदूली के समीप सोमवार को दो बाईक आपस में टकरा गईं, इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई है जिनमें हीमेश पुत्र गब्बर कुशवाह निवासी काछी बरखेडा थाना बहादुरपुर तथा बद्री पुत्र नारायण अहिरवार निवासी इकोदिया थाना बहादुरपुर शामिल हैं। घटना के बारे में बताया गया है कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में दो युवक घायल हुए हैं जिनमें अशोक रजक और गंगाराम विश्वकर्मा शामिल हैं। जिन्हें उपचार के लिए मुंगावली अस्पताल ले जाया गया हैं। जहां से अशोकनगर जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना के बारे में बताया गया है कि दोनों बाईक विपरीत दिशा से आ रही थीं इस घटना में दोनों बाईक तेज गति से होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गईं।

चंदेरी में टोड़ा के मोड़ पर हादसे में युवक ने दम तोड़ा

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टोड़ा में रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक अंधे मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार शाम करीब 7.50 बजे की है। ग्राम टोड़ा के पास एक अंधे मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर बेकाबू हो गई। इस हादसे में नागवार निवासी रंजीत (19) पुत्र गव्वार रैकवार की मौत हो गई। वहीं, हादसे में टोड़ा निवासी सचिन (20) पुत्र तुलसीराम आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के वक्त बाइक पर एक अन्य युवक भी सवार था, जो हादसे के बाद डर के मारे मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत चंदेरी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद रंजीत को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल सचिन का प्राथमिक उपचार कर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



सड़कों पर बिना हेलमेट के दौड़ रहे हैं दोपहिया वाहन

अशोकनगर जिले में बाईकों की दुर्घटनाएं हर रोज हो रही हैं, तेज गति से चलने वाले वाहनों में सवार लोगों को अपनी जान गवाना पड़ रही है, वाहन चालकों के लिए हेलमेट लगाने की अनिवार्यता होने के बाबजूद भी वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण या तो वाहन चालक मौके पर दम तोड़ रहे हैं या फिर उन्हें अस्पताल में उपचार के दौरान जान गवाना पड़ रही है। अनेक लोगों को इन सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने के बाद पूरी जिंदगी भर या तो परिवार के सहारे जीवन काटना पड़ रहा है या फिर उनकी जिंदगी किसी काम की नहीं रह गई है। इन सब कारणों के पीछे सीधी सीधी वजह यह है कि वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग न किया जाना है। न तो प्रशासन द्वारा वाहन चालकों पर दबाव बनाया जाता है, और न ही वाहन चालकों द्वारा खुद की सुरक्षा के इंतजाम किए जाते हैं, जब से सड़के अच्छी बनी हैं, तब से शहर से लेकर गांव तक का सफर आसान हो गया है। इसलिए वाहन चालक सीधे बाईकों से एक स्थान से दूसरे स्थान तक यात्रा कर रहे हैं और तो और एक एक बाईक पर 3 से 4 लोग पूरे परिवार के सहित बाइकों पर नजर आते हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन को हेलमेट की अनिवार्यता के लिए औपचारिकता न निभाते हुए सख्ती के साथ कदम उठाना चाहिए।

2,000 लीटर महुआ लहान किया नष्ट

नदी किनारे अवैध शराब की चल रही फैक्ट्री पर कार्रवाई



अशोकनगर। थाना प्रभारी कचनार सत्येन्द्र कुशवाह के नेतृत्व में कचनार थाना पुलिस द्वारा ग्राम माधौगढ़ में नदी किनारे संचालित अवैध शराब निर्माण के ठिकानों पर बड़ी कार्यवाही की गई।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एसडीओपी अशोकनगर ओमप्रकाश मिश्रा, थाना प्रभारी देहात निरी0 आकाश शर्मा, थाना प्रभारी शाढौरा निरी0 सुनील सिकरवार, थाना प्रभारी कचनार उनि0 सत्येन्द्र कुशवाह, चैकी प्रभारी राजपुर थाना कचनार उनि0 गौरीशंकर ओझा एवं थाना देहात, शाढौरा एवं कचनार की पुलिस टीमों द्वारा ग्राम माधौगढ़ में नदी किनारे अवैध रूप से शराब बनाने के ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा मौके पर अवैध शराब निर्माण में उपयोग की जा रही भट्टियों, टंकियों, उपकरणों एवं अन्य सामग्री को नष्ट किया गया। साथ ही मौके पर करीब 2,000 लीटर महुआ लहान भी नष्ट किया गया। कार्यवाही के दौरान मौके से आरोपी किशोर पुत्र दादा पारदी, उम्र 58 वर्ष, निवासी ग्राम माधौगढ़ के कब्जे से अवैध शराब विधिवत जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

11 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया

अशोकनगर। थाना प्रभारी सेहराई द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 11 वर्षीय नाबालिग बालिका को मात्र 72 घंटे में सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 28.10.2026 को फरियादी द्वारा थाना सेहराई में अपनी 11 वर्षीय नाबालिग नातिन को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सेहराई में अपराध क्रमांक 264/2026, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी सेहराई को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना सेहराई पुलिस द्वारा तत्काल नाबालिग बालिका की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी संसाधनों एवं उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर त्वरित प्रयास करते हुए बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया। तत्पश्चात न्यायालय के समक्ष बालिका के कथन कराए गए तथा प्रकरण में अग्रिम विवेचना जारी है।

राजधानी भोपाल जाने दो ट्रेन संचालित, लेकिन यात्रियों को नहीं मिल पा रहा है लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जनता की मांग पर नहीं है ध्यान, अधिकारियों का दबाव जारी

यह संसदीय क्षेत्र उस महान हस्ती के राजनैतिक कर्मभूमि का क्षेत्र है जिन्हें आज भी ग्वालियर के महाराजा के रूप में जाना जाता है और इस क्षेत्र की जनता उन्हें आज भी सांसद और मंत्री कम महाराज के रूप में अधिक जानती है, लेकिन उस प्रजा का क्या हो, जिसे महाराजा के ऊपर निर्भर रहना पड़ रहा है। उनकी इच्छा हुई तो ठीक नहीं हुई तो ठीक, इसी उहापोह में यह क्षेत्र गुजर रहा है, और जनता राजधानी भोपाल जाने के लिए परेशान हो रही है। भोपाल जोधपुर ट्रेन बीना अशोकनगर गुना के रास्ते राजस्थान के कोटा, जयपुर, और जोधपुर तक का सफर तय करती है, यह ट्रेन शुरूआती तौर में पेसेंजर ट्रेन के रूप में चलती थी बाद में इस ट्रेन को फास्ट पेसेंजर किया गया और अब एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में चलाया जा रहा है। यह ट्रेन मध्यप्रदेश और राजस्थान को आपस में जोड़ने वाली ट्रेन है। इस ट्रेन में यात्रियों की संख्या इतनी अधिक है कि उन्हें ट्रेन में जगह मिल पाना मुश्किल होता है।

सामान्य कोच कम होने से परेशानी बढ़ी

रेल विभाग ने इस ट्रेन में सामान्य कोच धीरे धीरे कम कर दिए है और उनके स्थान पर एसी कोच प्रारंभ कर दिए हैं, जिससे यह ट्रेन आम जनता के परेशानी का कारण बन गई है यह पहले जनता की ट्रेन थी अब व्हीआईपी लोगों की ट्रेन हो गई है अगर लोगों को अकस्मात यात्रा करना हो तो उन्हें जनरल कोचों में यात्रा करना पड़ती है, इन कोचों में दो कोच आगे और दो कोच पीछे की ओर रहते हैं।

कुल 4 जनरल कोच और 800 यात्री करते हैं सफर



प्रत्येक कोच में लगभग 200 यात्री सफर करते हैं, यानि सीटों की संख्या से दुगने यात्री इन कोंचों में सवार रहते हैं। जनरल टिकिट होने के कारण इस भीड़ का अनुमान रेलवे के यहां नहीं होता है क्योंकि वह बिना रिर्जवेशन वाले कोच होते हैं, रेलवे तो उन्हीं कोचों की संख्या की गणना करती है जिनमें रिर्जवेशन के टिकिट होते हैं, अगर चार कोच जो जनरल केटेगिरी के हैं उनमें ही 800 यात्री यात्रा करते हैं जिनका कोई रिकार्ड रेलवे के पास नहीं होता। ऐसी स्थिति में रेलवे को विशेष लोगों का ध्यान रखने के स्थान पर आम नागरिकों के लिए जनरल कोच इस ट्रेन में बढ़ाए जाना चाहिए। यह एक मात्र ऐसी ट्रेन है जो 24 घंटे में भोपाल से चलने के बाद जोधपुर पहुंचती है, इस मार्ग पर यह एक मात्र ट्रेन है।

इंटरसिटी एक्सप्रेस का समय बदला जाए

इन दोनों ट्रेनों में से किसी एक ट्रेन का समय बदला जाना चाहिए। ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस बाद में चली है जबकि भोपाल जोधपुर ट्रेन पहले से चल रही है। भोपाल जोधपुर ट्रेन गुना अशोकनगर से होते हुए भोपाल सुबह 10 बजे पहुंचती है और शाम 4.30 बजे रवाना होती है, लेकिन इस ट्रेन की विंडबना है कि अशोकनगर से जाने वाले यात्रियों को सुबह 4 बजे ट्रेन पकड़ना पड़ती है लेकिन फायदा यह कि इस ट्रेन से जाने पर एक ही दिन में वापिस अपना घर आया जा सकता है,जितने भी काम भोपाल के होते हैं वह सब पूरे हो जाते हैं। लेकिन इंटरसिटी के जाने का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि यह ट्रेन खास तौर से गुना संसदीय क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा के लिए चलाई गई है जिसमें मूल रूप से शिवपुरी गुना, अशोकनगर जिले के स्टेशन शामिल हैं।

इंटरसिटी एक्सप्रेस भोपाल जाने के तत्काल बाद लौटती है

ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस भी भोपाल से बीना, अशोकनगर गुना के रास्ते शिवपुरी होते हुए ग्वालियर जाती है। इस ट्रेन का भोपाल से गुना तक का सफर भोपाल जोधपुर की तरह रहता है, गुना के बाद दोनों ट्रेनों के रास्ते अलग हो जाते हैं लेकिन विंडबना इस बात की है कि दोनों ट्रेनें भोपाल से 1 घंटे के अंतर से इसी मार्ग पर चलती हैं, इटंरसिटी एक्सप्रेस भोपाल जाने के बाद 30 मिनट बाद ही वापिस रवाना हो जाती है, इस ट्रेन का भोपाल पहुचने का समय 3 बजे का है, इस ट्रेन से जाने वाले यात्री एक ही दिन में वापिस अपना सफर पूरा कर पाएं यह संभव नहीं हैं।

ट्रेन का समय भोपाल पहुंचने का 11 बजे किया जाए

इस कारण जब से यह ट्रेन चली है तबसे लोगों की मांग है कि ट्रेन का समय बदला जाए। ट्रेन सुबह 11 बजे भोपाल पहुंच जाए और शाम 5 बजे के बाद इसकी वापिसी हो,लेकिन अधिकारियों द्वारा जनता की बात नहीं सुनी जाती, अधिकारी अपने हिसाब से समय तय करते हैं। यह ट्रेन ग्वालियर से चलती है जबकि ग्वालियर से भोपाल जाने के लिए पहले से ही ट्रेनें ग्वालियर झांसी बीना भोपाल के रास्ते चल रहीं हैं। ग्वालियर से कोई भी यात्री इस ट्रेन से सफर नही करता। इस ट्रेन में यात्रियों की भीड़ शिवपुरी से प्रांरभ होती है क्योंकि शिवपुरी,गुना अशोकनगर के लिए कोई ट्रेन नहीं है इसलिए इस ट्रेन के या तो समय परिवर्तित किया जाए या फिर इस ट्रेन को शिवपुरी से भोपाल के बीच चलाया जाए

इंटरसिटी एक्सप्रेस को दिल्ली तक बढ़ाया जाए

हांलाकि जनता की मांग चल रही है कि भोपाल ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस को ग्वालियर से विस्तार कर आगर मथुरा होते हुए दिल्ली तक बढ़ाया जाए, क्योंकि अशोकनगर जिले से मथुरा जाने वाले यात्रियों की भीड़ बहुत है और उन्हें मथुरा तक जाने के लिए कोई साधन नहीं है जो उज्जैनी एक्सप्रेस दो दिन चलती थी वह भी बंद हो गई है, अतः इस ट्रेन को भोपाल से ग्वालियर की जगह दिल्ली तक चलाया जाए और ट्रेन का समय भोपाल से रात 9 बजे किया जाए ताकि यह ट्रेन सुबह 7 बजे दिल्ली पहुंच जाए। इस मांग पर विचार किया जाना अत्यंत आवश्यक है, यदि रेलवे कोई नई ट्रेन दिल्ली के लिए नहीं चला रही है तो कम से कम इस ट्रेन का विस्तार कर दिया जाए ताकि, ग्वालियर के महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया की राजनैतिक कर्मभूमि देश की राजधानी से जुड़ सके।

चेन्नई में प्रदेश के खिलाड़ियों ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव

25वीं जूनियर नेशनल वूशु चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश ने जीते दस पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त वूशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में चेन्नई स्थित जेपीयर यूनिवर्सिटी में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर 2026 तक आयोजित 25वीं जूनियर नेशनल वूशु चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश वूशु संघ के सचिव मनोज गुप्ता व रोहित रघुवंशी, निखिल धुरेंटे के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 10 कांस्य पदक अपने नाम किए और प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

प्रदेश का नाम किया रोशन

विश्वामित्र अवार्डी वूशु कोच बृजेश धुरेंटे ने बताया कि प्रतियोगिता के ग्रुप ताओलू इवेंट में मध्यप्रदेश के वीर सिंह राजपूत, नंदिनी पटेल, प्रियांशी चैहान, कृतिका सिंह बघेल, परी भट्ट, अंशिका त्रिवेदी, अनुराग बरहा एवं समर्थ विश्वकर्मा ने कांस्य पदक हासिल किए। वहीं, रेचल शर्मा ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। इसके अतिरिक्त वीर सिंह राजपूत ने डबल वेपन इवेंट में भी कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रकार मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल 10 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया। विजेता खिलाड़ियों को वूशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव सोहेल अहमद ने पदक पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 32 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के साथ भारतीय खेल प्राधिकरण के लगभग 1,400 खिलाड़ियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर वूशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा,खेल संचालक चंचल शेखर, मध्य प्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष जयदीप प्रसाद, मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह सहित अशोकनगर वुशू अध्यक्ष दया सिंह संधू, धर्मेंद्र रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, वुशू कोच राजकुमार खरे, मुस्ताक खान, राजदीप सिंह, क्रीड़ा अधिकारी सुरभि नामदेव, भूरक्षा दुबे, जिला खेल विभाग के अरुण रघुवंशी अन्य खेल पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

पुराना बाजार अशोकनगर से अवैध पटाखों से भरा कार्टून किया जब्त

अशोकनगर। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा पुराना बाजार अशोकनगर से अवैध पटाखों से भरा कार्टून करीब 30 हजार रुपये को जप्त करने मे सफलता प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली द्वारा अवैध पटाखों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए पुराना बाजार अशोकनगर निवासी अनिल गुप्ता के कब्जे से अवैध पटाखों से भरा एक कार्टून जप्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपये है। आरोपी के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम की धारा 5/9(ख) एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 288 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



प्रत्येक व्यक्ति की पहचान का मुख्य आधार उसके कर्म होते हैं: निरंजन सागर

वीरों के मरण को स्मरण करना, गौरव की बात होती है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज ने कहा है कि हमारा जीवन का प्रत्येक क्षण किस कार्य के प्रति समर्पित है। यह बात बहुत ही महत्वपूर्ण है। हर एक व्यक्ति जिसने जन्म लिया है उसका मरण निश्चित है। लेकिन आपका मरण भी स्मरण किया जाये ऐसा काम आप जरूर कर जाये। ऐसे कुछ विशेष कार्य से आपकी पहचान विशेष होती है। इतिहास जब भी लिखा जाता है कुछ करने वालों का ही लिखा जाता है।

यह सारी सृष्टि ही कर्म प्रधान है। और प्रत्येक व्यक्ति की पहचान का मुख्य आधार उसके कर्म होते है। इन कर्मों के माध्यम से ही वह अपने जीवन को आदर्शमय बना सकता है। भारतीय सनातन संस्कृति का गौरवशाली इतिहास वीरों के बलिदानों से भरा पड़ा है। आज भी यह परम्परा अनवरत रूप से जारी है। हम सभी यहाँ शांति के साथ बैठकर शांति की बात कर रहे हैं। क्यों? क्योंकि उस शांति को बनाये रखने के लिये सेना सीमा पर तैनात है। अगर वह सेना को उसी सीमा से हटा दिया जाये, तो क्या होगा? यह आप सोच भी नहीं सकते हैं। उस सीमा पर तैनात प्रत्येक प्रहरी हर पल पहरा दे रहा है इसलिये आपको सबकुछ हरा-भरा दिख रहा है। वो बन्दूकों से निकलने वाली गोली को झेल रहे हैं, तभी आप शांति के साथ होली खेल रहे हैं। आप लोगों को लग रहा होगा की न तो आज 15 अगस्त है और न ही 26 जनवरी। फिर यह आज राष्ट्र भक्ति का कार्यक्रम क्यों? यह बात एक सामान्य व्यक्ति के मन में उठना स्वाभाविक है। पर क्या सीमा पर तैनात सेना क्या मात्र 26



जनवरी और 15 अगस्त को ही याद की जावे? क्या हमारा राष्ट्रधर्म मात्र दो दिवसीय ही है? अगर इन प्रश्नों का उत्तर आपके पास है तो आप हमें बतायें। अब आप मौन हो गये न। इसलिये कहां है सैनिक ओर संत दोनों प्रति पल सजग रहते हैं।

ऐसा ही एक सैनिक भाई अमर शहीद लेफ्टिनेन्ट गौतम जैन जो कि 01 नवम्बर 2001 को जम्मू कश्मीर की रजौरी रेंज में कारगिल सीमा पर शहीद हुये थे। मात्र 21 वर्ष की उम्र में देश की सुरक्षा के लिये सीने पर गोली खाकर भी दुश्मनों से लड़ते हुये वीरगति को प्राप्त हुये। 2001 में भारतीय सेना में बजट भी कम ही हुआ करता था और आधुनिक हथियारों की भी बहुत बड़ी कमी थी। आपरेशन नियाज जो की काश्मीरियों के वेष में छुपे हुये आतंकवादियों को ढूढ़ने के लिये चलाया गया था। इस आपरेशन को लेफ्टिनेन्ट गौतम जैन ने सम्भाला और उन्होंने आतंकवादियों का पता लगा लिया क्योंकि लेफ्टिनेन्ट गौतम ने अपनी हुलिया और आवाज काश्मीरियों की तरह ही बना ली थी। इससे उसे उन आतंकवादियों तक पहुंचने में आसानी हो गयी। उस समय सेना संसाधनों के अभाव से ग्रस्त थी और ऑफिसर को ही सारी सुविधाऐं मिलती थी। जैसे- बुलेट प्रुफ जैकेट, हेलमेट, जुता वगैरह। जवानों को हमेशा यह शिकायत रहती थी की हमें तो कुछ भी नही मिलता है। यह बात गौतम को पता थी। वह जैन परिवार का बच्चा था। उसके नानाजी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी थे। और दान के संस्कार, देने के संस्कार उसके माता-पिता ने बचपन से ही उसमें डाले थे। उसने उस सर्चिग आपरेशन में अपना बुलेट प्रुफ जैकेट और जो भी सुविधायें थी अपने बटालियन के जवानों को दे दी। और खुद आगे बढ़कर इस आपरेशन को अन्जाम दिया। उनकी इस गतिविधि से आतंकवादी भागने लगे तब उनकी एक गोली गौतम के सीने में लग गई। उस समय गौतम को लगा की मैं अब नही बच पाउंगा और उसने खुले में आकर उन आतंकवादियों को ढेर कर दिया। और आतंकवादियों को उनकी टीम में ढेर कर दिया। पर इस दौरान लैफ्टिनेन्ट गौतम जैन कारगिल सीमा पर ही वीर गति को प्राप्त हो गये हैं। उन्हें मरणोपरान्त भारत सरकार द्वारा बेज आफ सेक्रिफाइज और सेना के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया।

जिले के 18 राजस्व ग्रामों में शत-प्रतिशत रजिस्ट्री कार्य पूर्ण

स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान में जिले में अब तक 57,620 रजिस्ट्रियां संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्यप्रदेश शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के आबादी भूखंडों के पात्र हितग्राहियों को संपत्ति के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने तथा उनके संपत्ति अधिकारों को विधिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में राजगढ़ जिले में अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले में अब तक कुल 57,620 रजिस्ट्रियां संपन्न की जा चुकी हैं। साथ ही जिले के 18 राजस्व ग्रामों में शत-प्रतिशत रजिस्ट्री कार्य पूर्ण कर लिया गया है।



57,620 रजिस्ट्रियां संपन्न, लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास जारी

स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान के अंतर्गत राजगढ़ जिले में कुल 1,80,488 रजिस्ट्रियां पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले द्वारा समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है। रजिस्ट्री प्रक्रिया को गति देने, लंबित प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कराने तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले में अब तक 57,620 रजिस्ट्रियां संपन्न होना अभियान के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही की प्रगति को दर्शाता है।

जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से मैदानी अमले को मिल रहा मार्गदर्शन व सहयोग

स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा रजिस्ट्री प्रक्रिया में आने वाली तकनीकी एवं प्रक्रियागत समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी श्री प्रताप सिंह चैहान तथा जिला मास्टर ट्रेनर श्री गोकुल जाटव द्वारा मैदानी अमले को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कंट्रोल रूम के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण कर रजिस्ट्री प्रक्रिया को सुगम एवं प्रभावी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

18 राजस्व ग्रामों में शत-प्रतिशत रजिस्ट्री कार्य पूर्ण

स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान के अंतर्गत राजगढ़ जिले के 18 राजस्व ग्रामों में सभी पात्र हितग्राहियों की रजिस्ट्रियां पूर्ण कर शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। इन ग्रामों में रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण होने से संबंधित पात्र हितग्राहियों को उनके आबादी भूखंडों के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शेष राजस्व ग्रामों में भी रजिस्ट्री कार्य को गति देने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

प्रदेश के शीर्ष 20 उप पंजीयकों में राजगढ़ के 6 उप पंजीयक शामिल

स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान के अंतर्गत प्रदेश में सर्वाधिक रजिस्ट्रियां करने वाले शीर्ष 20 उप पंजीयकों में राजगढ़ जिले के 6 उप पंजीयकों का शामिल होना जिले के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है। रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। रजिस्ट्री प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में आने वाली तकनीकी एवं प्रक्रियागत समस्याओं के निराकरण के लिए भी आवश्यक समन्वय स्थापित किया गया है।

विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री पर मारपीट व जातिसूचक गालियां देने का आरोप जड़ा

ग्रामीणों ने टेटवाल और एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पाडल्या माता विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री नरेंद्र कुमार गायरी और ग्रामीणों के बीच हुए विवाद का मामला अब प्रशासन तक पहुंच गया है। लीमाचैहान पुलिस द्वारा गोपाल सिंह, भगवान सिंह सहित 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के विरोध में सोमवार को ग्राम खजुरिया घाटा के ग्रामीणों ने राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के नाम तथा एसडीएम जय सोलंकी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 1 नवंबर को गांव की बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामीण पाडल्या माता विद्युत ग्रिड पहुंचे थे। यहां बिजली समस्याओं को लेकर चर्चा के दौरान कनिष्ठ यंत्री नरेंद्र कुमार गायरी पर ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करने, मारपीट करने तथा जातिसूचक गालियां देने के आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विनोद पिता रामचंद्र, जाति बलाई को जाति के आधार पर अपमानित किया गया और धमकी भी दी गई। ज्ञापन में बताया कि घटना से आहत ग्रामीणों ने पहले कनिष्ठ यंत्री के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत आवेदन दिया था। इसके बाद कनिष्ठ यंत्री की शिकायत पर ग्रामीणों के विरुद्ध भी मामला दर्ज कर लिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अब उन्हें झूठे प्रकरण में फंसाने और दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने तथा ग्रामीणों को अनावश्यक परेशान नहीं करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि न्याय नहीं मिलने पर समस्त ग्रामीण एकजुट होकर प्रशासन के समक्ष शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में सरपंच शिव सिंह पाल, रामेश्वर पाल, बद्रीलाल पाल, राजेंद्र सिंह भिलाला जनपद सदस्य, इंदर सिंह सिसोदिया, पहलाद सिंह, जितेंद्र भिलाला सहित अन्य मौजूद थे।



नगर परिषद व पुलिस प्रशासन ने किया स्थल चयन

दीपावली पर पटाखा बाजार आवास कॉलोनी स्टेडियम ग्राउंड में लगेगा, फायरब्रिगेड मौके पर खड़ी रहेगी

जीरापुर। दीपावली पर्व को देखते हुए नगर में आतिशबाजी एवं पटाखों की दुकानों के संचालन के लिए नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से स्थल का चयन किया गया। थाना प्रभारी एवं नगर परिषद अधिकारियों के नेतृत्व में आवास कॉलोनी स्थित स्टेडियम ग्राउंड को आतिशबाजी बाजार के लिए निर्धारित किया गया है। यहां दीपावली के अवसर पर पटाखों की दुकानें लगाई जाएंगी। स्थल निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आतिशबाजी बाजार की व्यवस्था को लेकर आवश्यक जानकारी



ली तथा दुकानों के संचालन के लिए स्थान निर्धारित किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा, सीएमओ देवनारायण दांगी, उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय, सब इंस्पेक्टर अरुण जाट, ओंकार सिंह मण्ड़लोई , दरोगा आजाद झावा, मोहन झावा सहित पटाखा व्यापारी, नगर परिषद कर्मचारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सीएमओ देवनारायण दांगी ने बताया कि सभी आतिशबाजी विक्रेताओं को कहा गया कि एवं पानी कि बाल्टी भरकर रखे। फायरब्रिगेड मौके पर खड़ी रहेगी।

दीपावली पटाखा बाजार की तैयारियों का नपाध्यक्ष ने लिया जायजा

कृषि मंडी परिसर में सजेगा पटाखा बाजार, व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश



सारंगपुर। दीपावली पर्व को देखते हुए शहर में पटाखा बाजार लगाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी के तहत सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कृषि उपज मंडी परिसर का निरीक्षण कर पटाखा बाजार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बाजार में सुरक्षा एवं सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष पालीवाल ने पटाखा दुकानों के लिए निर्धारित स्थल का अवलोकन किया और दुकानों की व्यवस्थित रूप से स्थापना, आवागमन की सुविधा तथा आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दीपावली के दौरान पटाखा बाजार में बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। दुकानदारों और ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पहले से ही सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रबंध समय पर पूरे करने के निर्देश भी दिए, ताकि दीपावली के दौरान बाजार में आने वाले नागरिकों को सुविधा मिल सके और त्योहार शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न हो। इस अवसर पर पार्षद गोपाल पाल, राकेश पुष्पद, मंडी सचिव राजेश खरे सहित नगर पालिका के इंजीनियर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
राजगढ़ में ऐजेन्सी देना है ।
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

जेल अधिकारियों के लिए बनाएंगे आवास, विधायक ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ

स्थानीय उप जेल परिसर में करीब 80.47 लाख रुपये की लागत से चार नए आवास का निर्माण किया जाएगा। जिसका सोमवार को विधायक मोहन षर्मा ने भूमिपूजन किया। इस दौरान आयोजित कार्यरूम में उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो की जानकारी दी। इस मौके पर मण्डल देवेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, जेलर राम षंकर पटेल, भरत झंवर, रमेष मालवीय, षिव वैध सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। जेल परिसर में बनने वाले चार आवासों का निर्माण राघौगढ़ के ठेकेदार जलज षिवहरे ने करीब 30 प्रतिशत बिलो दर पर लिया है। ऐसे में विधायक ने ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विषेश ध्यान देने निर्देषित किया है। उन्होंने निर्धारित मापदंडों के अनुरूप निर्माण सामग्री का उपयोग और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की बात कही है।

युवक की करंट से मौत

कुरावर। समीपस्थ ग्राम मोयली में खेत पर पानी फेर रहे एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान एहसान पिता रऊफ (27 वर्ष) के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, खेत में पानी फेरने के दौरान युवक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शोक का माहौल है।

हुतात्मा दिवस पर विहिप-बजरंग दल के शिविर में कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान



कुरावर। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा हुतात्मा दिवस के उपलक्ष्य में नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संगठन के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग सहसंयोजक हर्षवर्धन सिंह तोमर, डॉ. राजकुमार कुरावर एवं डॉ. नरेश गवली द्वारा राम दरबार के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर हर्षवर्धन सिंह तोमर ने अपने उद्बोधन में हुतात्मा दिवस मनाए जाने के उद्देश्य, इसके ऐतिहासिक महत्व एवं इसके पीछे के कारणों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने रक्तदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुनीत कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न सामाजिक एवं वैचारिक विषयों पर भी जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में जिला मंत्री राजू मीणा, मातृशक्ति संयोजिका श्रीमती जयशीला चंद्रवंशी सहित जिले एवं प्रखंड के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन पर प्रखंड अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने अतिथियों, जिला ब्लड बैंक की टीम एवं उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर के माध्यम से संगठन के कार्यकर्ताओं ने समाजसेवा और जरूरतमंदों की सहायता का प्रेरणादायी संदेश दिया।

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास से एडवांस स्कूल में मनाया



जीरापुर। नगर के एडवांस किड्स एकेडमी में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास, वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं प्राकृतिक सुंदरता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा मध्य प्रदेश की संस्कृति एवं परंपराओं को दर्शाता मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गईं। साथ ही भाषण एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रदेश के प्रति अपने प्रेम एवं गौरव की भावना को अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ई. के. जोशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को प्रदेश की गौरवशाली विरासत पर गर्व करने तथा उसके विकास एवं प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल
मो. 8770833858, 8349245522

25 साल के इंतजार के बाद नरसिंहगढ़ तक रेल संचालन की उम्मीद

वर्षों का इंतजार खत्म, सपनों की ट्रेन आज दौड़ेगी पटरी पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

क्षेत्रवासियों के करीब 25 साल का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। जिस दिन का सपना नरसिंहगढ़ के लोग वर्षों से देख रहे थे, वह घड़ी आखिरकार आ गई है। रामगंज मंडी-भोपाल रेल लाइन पर मंगलवार को सोनकच्छ से नरसिंहगढ़ के बीच ट्रॉली और ट्रेन की गति का ट्रायल प्रस्तावित है। इसके साथ ही क्षेत्र में रेल संचालन की उम्मीदें और मजबूत होंगी। रेलवे स्टेशन पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्टेशन परिसर में रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, वेल्डिंग, प्लास्टर, टाइल्स लगाने और लेबलिंग सहित कई काम एक साथ चल रहे हैं।



1200 श्रमिक जुटे, स्टेशन को दिया जा रहा अंतिम रूप

सीआरएस निरीक्षण और ट्रायल की तैयारियों के बीच नरसिंहगढ़ रेलवे स्टेशन पर काम की रफ्तार तेज हो गई है। कहीं दीवारों पर प्लास्टर और पुट्टी का काम चल रहा है, तो कहीं रंगाई-पुताई कर परिसर को संवारा जा रहा है। दीवारों को आकर्षक बनाने के लिए रस्टिंग का काम भी किया जा रहा है। इसके अलावा टाइल्स लगाने, वेल्डिंग, सफाई और लेबलिंग सहित कई कार्य एक साथ जारी हैं। बड़ी संख्या में श्रमिकों की मौजूदगी के बीच रेलवे स्टेशन को अंतिम रूप देने के प्रयास किए जा रहे हैं। लंबे समय से रेल सुविधा का इंतजार कर रहे क्षेत्रवासियों के लिए यह तैयारियां उत्साह बढ़ाने वाली हैं।

ट्रायल के दौरान सुरक्षा का रखें ध्यान

रेलवे ट्रायल क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, लेकिन इस दौरान सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। ट्रेन की गति का परीक्षण होने के दौरान लोग रेलवे ट्रैक के आसपास जाने, पटरी पार करने या नजदीक खड़े होकर ट्रायल देखने से बचें। रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों के निर्देशों का पालन करें। ट्रैक के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगाएं और बच्चों को भी सुरक्षित दूरी पर रखने विभाग ने अपील की है।